पत्रांक : 291/2021 दिनांक - 19.07.2021

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिविल कोर्ट, प्रतापगढ़।

विज्ञप्ति

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र सं0 2849/एसएलएसए–37ए/2010 दिनांकित 12.12.2018 अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रतापगढ़ में ए0डी0आर0 सेन्टर में सृजित पदों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (चपरासी) 02 पद मासिक पारिश्रमिक 7000/–रू0, चौकीदार 01 पद मासिक पारिश्रमिक 5000/–रू0 तथा सफाई कर्मी 01 पद मासिक पारिश्रमिक 2000/– पर नियुक्ति आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्ति की जानी है।

उपरोक्त सृजित पदों पर नियमानुसार नियत अवधि के लिये आउटसोर्सिंग के द्वारा की जानी है। इच्छुक आउटसोर्सिंग एजेन्सी/सेवा प्रदाता एजेन्सी आवश्यक कुशल कार्मिकों की भर्ती के लिए सेवा प्रदान किये जाने का पूर्ण विवरण सहित आवेदन कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रतापगढ़ में दिनांक **19.08.2021** तक प्रस्तुत कर सकते है। आउटसोर्सिंग द्वारा चयन का सम्पूर्णतः जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रतापगढ़ के विवेकाधिकार के आधार पर किया जाएगा। आउटसोर्सिंग द्वारा उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवश्यक योग्यता नियम व शर्तें जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ की वेबसाइट अधिक जानकारी के लिए जनपद न्यायालय की वेबसाइट (districts.ecourts.gov.in/pratapgarh-district) से प्राप्त कर सकते।

दिनांकः 19.07.2021

नीरज कुमार त्रिपाठी
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
प्रतापगढ़।

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिविल कोर्ट प्रतापगढ़।

नियम व शर्ते

1. सेवा प्रदाता द्वारा उपलब्ध कराये गये चतुर्थ श्रेणी कमचारीगण (चपरासी 02 पद, चौकीदार 01 पद व सफाई कर्मी 01 पद) कुल 04 पदों पर नियत मासिक मानदेय क्रमशः 7000/–,5000/– व 2000/– रूपये पर अस्थाई रूप से दिनांक 28.02.2022 तक के लिए नियुक्ति की जायेगी। नियुक्त कर्मचारीगण का मानदेय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रतापगढ़ द्वारा सेवा प्रदाता के बैंक खाते में ई–पेमेन्ट/चेक के माध्यम से भुगतान प्राप्त करेंगे, सम्बन्धित कर्मचारीगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रतापगढ़ के मध्य इस सम्बन्ध में कोई संव्यवहार/पत्राचार नहीं हो सकेगा। उपरोक्त अस्थाई पदों पर नियुक्ति हेतु निम्नलिखित निम्नतम योग्यता होगी:–

क्रमांक	पद का नाम	पद की संख्या	योग्यता
1.	चपरासी	02 पद	कक्षा आठ
2.	चौकीदार	01 पद	कक्षा पॉच
3.	सफाईकर्मी	01 पद	शिक्षित

उपरोक्त के अतिरिक्त अच्छे आचरण एवं चाल–चलन वाला, आज्ञाकारी व विनम्र स्वभाव होना अनिवार्य है।

2. सेवा प्रदाता द्वारा उपलब्ध कराये गये कर्मचारी का कोई भी आपराधिक इतिहास व कोई भी अनैतिक आचारण का कोई आरोप नहीं होना चाहिए।

3. आवेदन निःशुल्क है।

4. आवेदन पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रतापगढ़ में दिनांक **19.08.2021** को सायं **5:00** बजे तक जमा किये जा सकेगें।

5. चयनित सेवा प्रदाता स्वयं के व्यय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ से **100/–** रूपये के स्टाम्प पेपर पर उपरोक्त आशय का एक इकरारनामा निष्पादित करेगा, जिसमें नियुक्त व्यक्ति का आज्ञाकारी, विनम्र व विहित योग्यताधारक होने की जिम्मेदारी भी सेवा प्रदाता को लेनी होगी।

6. नियुक्त कर्मचारी की सेवा संतोषजनक न पाये जाने पर किसी भी समय व स्तर पर उसकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

7. अधिक जानकारी के लिए जनपद न्यायालय की वेबसाइट (districts.ecourts.gov.in/pratapgarh-district) से प्राप्त कर सकते।

दिनांकः 19.07.2021

नीरज कुमार त्रिपाठी
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
प्रतापगढ़।